विप चुनाव को लेकर दरभंगा में निषेधाज्ञा लागू, सुबह 5 से शाम 6 तक वाहनों के परिचालन पर रोक

मतदान केंद्र के 200 मीटर के दायरे में निजी वाहनों के प्रवेश पर रोक, परिसर में मोबाइल का प्रयोग प्रतिबंधित

दरभंगा(आससे)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी कौशल कुमार ने बताया कि 23 अक्टूबर को सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदान होगा। इस दौरान विधि-व्यवस्था एवं लोक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस), 2023 की धारा 163 के तहत पूरे जिले में निषेधाज्ञा लागू की गई है।

जिलाधिकारी के अनुसार, 23 अक्टूबर को सुबह पांच बजे से शाम छह बजे तक वाहनों के परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा। हालांकि, आवश्यक सेवाओं एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े वाहनों को निर्धारित शर्तों के साथ छूट दी गई है।

निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं मतदान दल के वाहनों के परिचालन की अनुमति रहेगी। इसके अलावा एंबुलेंस, बिजली, दुग्ध आपूर्ति एवं पानी के टैंकर जैसे आवश्यक सेवाओं से जुड़े वाहन भी चल सकेंगे। अभ्यर्थियों को निर्वाचन पदाधिकारी से परमिट प्राप्त वाहन के उपयोग की अनुमति होगी। ऐसे वाहनों में चालक सहित अधिकतम पांच व्यक्ति सवार हो सकेंगे। इन वाहनों से मतदाताओं को ढोने पर प्रतिबंध रहेगा।



निजी वाहनों का उपयोग वाहन मालिक अपने और परिवार के सदस्यों के मतदान के लिए कर सकेंगे, लेकिन उन्हें मतदान केंद्र से 200 मीटर की परिधि के बाहर ही रखना होगा। निर्धारित मार्गों पर चलने वाली बसों, बीमार एवं अस्वस्थ व्यक्तियों के वाहनों तथा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड तक जाने के लिए आवश्यक रिक्शा एवं अन्य वाहनों को भी छूट दी गई है। इन श्रेणियों के अलावा अन्य वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि मतदान केंद्र परिसर में मोबाइल फोन का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त कर्मियों को इससे छूट दी गई है।

निषेधाज्ञा का अनुपालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी संबंधित थाना एवं सेक्टर पदाधिकारियों, जोनल व सुपर जोनल दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों, अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, नगर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) को सौंपी गई है। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को आदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया है।

जिलाधिकारी ने कहा कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया को बाधारहित बनाए रखना और मतदाताओं को भयमुक्त वातावरण में अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर देना है।

घर में घुसकर 50 लाख के आभूषण छीनने का लगाया आरोप

जाले(दरभंगा)(आससे)। जाले थाना क्षेत्र के मजरा गांव के वार्ड दो निवासी त्रिवेणी सिंह की वृद्ध पत्नी धर्मशिला देवी ने अपनी पुत्री, दामाद, नाती समेत नौ नामजद एवं कुछ अज्ञात लोगों के विरुद्ध जाले थाना में आवेदन देकर शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि सभी लोग साजिश के तहत फर्जी हस्ताक्षर कराकर उनकी संपत्ति और हवेली हड़पना चाहते हैं। साथ ही संपत्ति के लालच में उनकी हत्या किए जाने की भी आशंका जताई है। आवेदन के अनुसार, आरोपितों में उनकी पुत्री रीमा देवी, दामाद संजीव कुमार सिंह, नाती आदित्य वर्धन सिंह और कीर्ति वर्धन सिंह शामिल हैं। ये सभी सीतामढ़ी जिले के महेंद्रवारा थाना क्षेत्र के महेशा फरकपुर, टोला वासुदेव के निवासी बताए गए हैं। इसके अलावा पुपरी थाना क्षेत्र के रामपुर पचासी गांव निवासी नंदकिशोर यादव, जीवनेश्वर यादव और चुल्हाई यादव तथा मजरा गांव निवासी संजय सिंह समेत कुछ अज्ञात लोगों को आरोपित किया गया है। आवेदन में उल्लेख किया है कि इस मामले में उन्होंने पूर्व में 17 मार्च 2026 को भी जाले थाना में सनहा दर्ज कराया था।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत, आक्रोषितों ने किया सड़क जाम

समस्तीपुर (आससे)। रोसड़ा मुख्य मार्ग पर बुधवार की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि ऑटो सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनकी हालात नाजुक बताई जा रही थी।

हादसा मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत मोरदीवा एपीएचसी के समीप हुआ, जहां तेज गति में आ रही एक बाइक और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहनों के आगे का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मृतक की पहचान अंगारघाट थाना क्षेत्र के डढ़िया असाधर रामू टोला निवासी दिनेश राय के पुत्र सोनू कुमार (19 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं, ऑटो में सवार विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघियाघाट निवासी अनिल चौधरी के पुत्र कुश कुमार तथा बेलसंडी तारा निवासी तीर्थआनंद प्रसाद के पुत्र आनंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगो के अनुसार, ऑटो विभूतिपुर से जिला मुख्यालय की ओर आ रहा था, जबकि बाइक सवार समस्तीपुर से अंगारघाट की दिशा में जा रहा था। मोरदीवा अस्पताल के सामने मोड़ के पास दोनों वाहनों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई। धमाके जैसी आवाज सुनकर आसपास के दुकानदार और राहगीर दौड़े।

सूचना मिलते ही मुफ्फसिल थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया। हालांकि आपातकालीन वार्ड में इलाज के दौरान सोनू ने दम तोड़ दिया। वहीं कुश और आनंद की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

हादसे की खबर मिलते ही मृतक के घर में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन देर रात ही बिना पोस्टमार्टम कराए शव को घर ले गए। इसके बाद गुरुवार की सुबह आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने अंगारघाट चौक पर बांस-बल्ला रखकर मुख्य मार्ग को पूरी तरह जाम कर दिया, जिससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर किसी तरह शांत कराया और जाम समाप्त कराया। इसके बाद पुलिस ने शव को पुन: कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष अजीत प्रसाद सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त बाइक व ऑटो को जब्त कर लिया गया है और परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खेत बचाओ अभियान क्रार्यक्रम का आयोजन

कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री हुए शरीक

समस्तीपुर(आससे)। समस्तीपुर स्थित कोठिया में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने 'खेत बचाओ' योजना के कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों को फटकार लगाई। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने गुरुवार को समस्तीपुर के कोठिया में केंद्र सरकार की योजना 卐खेत बचाओ卐 कार्यक्रम के सरकारी मंच से ही देश भर के कृषि वैज्ञानिकों और अधिकारियों को जमकर फटकार लगा दी। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के कृषि विज्ञान केन्द्र, बिरौली की ओर से गुरुवार को ताजपुर के कोठिया गांव में कृषि जन कल्याण चौपाल-सह-खेत बचाओ अभियान कार्यक्रमका आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय सराहनीय कार्य कर रहा है। उन्होंने वैज्ञानिकों से अपील करके कहा कि जैविक खेती और रासायनिक खेती में किसानों के बीच अंतर बताएं एवं उससे स्वास्थ्य पर होने वाले प्रतिकूल प्रभाव को भी बताएं, इससे किसान जागृत एवं किसान खुशहाल भी होंगे। वहीं कुलपति डॉ. पाण्डेय के नेतृत्व में विश्वविद्यालय डिजिटल एग्रीकल्चर के क्षेत्र में पूर्वी भारत का नेतृत्व कर रहा



है वहीं दीक्षारंभ जैसे अभिनव प्रयोग और विश्वविद्यालय द्वारा विकसित कई नए प्रभेद आज पूरे देश में बिक रहे हैं,यह गर्व की बात है। उन्होंने राज्य के कृषि अधिकारियों से अपील करते हुए कहा कि आवश्यक है कि किसान को सही बीज मिले, पशुधन संवर्धन हो और मृदा जांच प्रयोगशाला हर पंचायत स्तर पर हो। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती कहां-कहां किया जा रहा है । इससे जुड़े दस्तावेजीकरण करने की बात पर बल दिया। कुलपति डॉ. पी. एस. पाण्डेय ने कहा कि खेत बचाओ अभियान केवल नारा नहीं,बल्कि किसान की आय बढ़ाने का मिशन है। विश्वविद्यालय का प्रयास है कि हर पंचायत में प्राकृतिक खेती का एक मॉडल और मृदा स्वास्थ्य कार्ड बने। विश्वविद्यालय के स्टॉल पर जो जैविक उत्पाद और रबी बीज दिखे, वह हमारे अनुसंधान का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं। इस दौरान वैज्ञानिक एवं किसान उपस्थित थे।

बाइक की सीधी टक्कर में घायल युवक की मौत

मोहिउद्दीननगर(समस्तीपुर)(आससे)। चतरा के समीप मंगलवार को दो बाइकों की सीधी टक्कर में घायल मस्तलीपुर सरहद निवासी राज कुमार राय (41) की बुधवार को पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। गुरुवार को शव गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। राज कुमार अपने साथी सूरज कुमार के साथ स्कूटी से मदुदाबाद बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राज कुमार की मौत के बाद पत्नी निर्मला देवी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे दो पुत्रियों और एक पुत्र को छोड़ गए हैं। वहीं, सूरज कुमार का समस्तीपुर सदर अस्पताल में इलाज जारी है और उसकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है।

गड्ढे में डूबने से 11 वर्षीय बालक की मौत


जाले(दरभंगा)(आससे)। जाले थाना क्षेत्र के नरौछ वार्ड सात निवासी विजय यादव के 11 वर्षीय पुत्र कुसुम कुमार की बुधवार दोपहर करीब दो बजे जेसीबी से किए गए गढ़े मे डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और नदी से बालक का शव बाहर निकाला। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार, कुसुम कुमार बुधवार को अपने कुछ साथियों के साथ भैंस चराने गया था। इस दौरान सभी साथी अपनी-अपनी भैंस को नहलाने के लिए जेसीबी से किए गए गढ़े में ले गए। भैंसों को नहलाने के दौरान बालक भी अपने साथियों के साथ नदी में स्नान करने लगा। इसके बाद उसके सभी साथी अपनी-अपनी भैंस लेकर घर लौट गए, लेकिन कुसुम कुमार घर नहीं पहुंचा। बालक के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की। काफी तलाश के बाद परिजन नदी के पास पहुंचे, जहां उसका शव पानी में उपलाता हुआ मिला। इसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलने पर जाले थाना की पुलिस और अंचल कर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच, दरभंगा भेज दिया। बालक की मौत से गांव में शोक का माहौल है।



दरभंगा स्नातक-शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में आज मतदान

सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक वोटिंग, समस्तीपुर में 58 मतदान केंद्रों पर करीब 37 हजार मतदाता डालेंगे वोट

समस्तीपुर (आससे)। दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव के लिए शुक्रवार को समस्तीपुर जिले में मतदान होगा। मतदान सुबह 8 बजे से शुरू होकर शाम 5 बजे तक चलेगा। जिले में चुनाव को लेकर कुल 58 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहां करीब 37 हजार मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। गुरुवार को समस्तीपुर के विधि महाविद्यालय परिसर स्थित सामग्री वितरण केंद्र से मतदान कर्मियों को चुनाव सामग्री उपलब्ध कराई गई। सामग्री प्राप्त करने के बाद मतदान कर्मी अपने-अपने निर्धारित मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए। इस दौरान मतदान केंद्रों पर भेजे जाने वाले कर्मियों और सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। मतदान कर्मियों को रवाना करने से पहले डीएम रोशन कुशवाहा और एसपी अरविंद प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से उन्हें संबोधित किया। डीएम ने मतदान प्रक्रिया को पूरी तरह स्वच्छ, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान कर्मियों से चुनाव आयोग के निर्देशों का पूरी तरह पालन करने और किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरतने को कहा।डीएम ने बताया कि जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मजिस्ट्रेट के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। संवेदनशील गतिविधियों पर नजर रखने के लिए प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्था की गई है। उन्होंने मतदान कर्मियों से कहा कि किसी भी समस्या की स्थिति में तत्काल वरीय अधिकारियों को इसकी सूचना दें।प्रशासन की ओर से मतदाताओं से भी शांतिपूर्ण माहौल में मतदान करने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गई है।



विवाहिता की चाकू मारकर हत्या, फरार आरोपी पकड़ा गया

मधुबनी (संसू)। जिले के भैरवस्थान थाना अंतर्गत सर्वसीमा गांव में मोटरसाइकिल की किस्त जमा करने को लेकर विवाद एवं पूर्व रंजिश के बाद एक विवाहिता की चाकू मारकर हत्या कर देने की सनसनी खेज मामला सामने आया है। मृतका की पहचान काजल कुमारी के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार, घटना की सूचना मिलते ही भैरवस्थान थाना पुलिस घटनास्थल पहुंची कर स्थानीय लोगों के सहयोग से गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए सकरी स्थित रामशिला अस्पताल भेजा गया। लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में महिला ने दम तोड़ दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मधुबनी भेजा गया। मृतका की मां के आवेदन पर भैरवस्थान थाना में कांड संख्या 165/26, धारा 103(1)/3(5) भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल का निरीक्षण झंझारपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुबोध कुमार सिन्हा एवं फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी की टीम ने किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी दिल्ली भागने की तैयारी में हैं। इसके बाद थानाध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी और छापामारी कर प्राथमिकी दर्ज होने के महज तीन घंटे के भीतर नरवार आईबी चौक से दोनों संदिग्धों को पकड़ लिया है। पकड़ेगए आरोपी की पहचान जतिन चौधरी उर्फ विपुल, पिता घुरन चौधरी, गांव सर्वसीमा, थाना भैरवस्थान, जिला मधुबनी मे किया गया है। वही दूसरे विधि विरुद्ध एक बालक को निरुद्ध किया गया है। आगे पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। आरोपी के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक चाकू और एक मोबाइल फोन बरामद कर जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया है कि आरोपियों के विरुद्ध विधि सम्मत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। तो वहीं, मामले को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की सुनिश्चित करने के निर्देश पर पुलिस द्वारा सफलतम कार्वाइ किया गया है।

बॉर्डर पर 17.7 लीटर नेपाल निर्मित शराब के साथ दो महिलाएं पकड़ी गयी

मधुबनी(संसू)। जिले के जयनगर से लगने बाली भारत नेपाल बॉर्डर पर अवैध गतिविधियों की रोकथाम को लेकर मुस्तैद 48 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर ने नेपाल निर्मित देशी शराब की 59 बोतल, कुल 17.7 लीटर बरामद करते हुए दो महिलाओं को पकड़ा है। बरामद शराब नेपाल से भारत की ओर तस्करी के लिए लाई जा रही थी। प्राप्त विशिष्ट गुप्त सूचना के आधार पर मुख्य आरक्षी/सामान्य रविंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में तीन अन्य बलकर्मियों के साथ एक विशेष गश्ती दल का गठन किया गया। गठित गस्ती दल सीमा चौकी महादेवपट्टी क्षेत्र मे सीमा स्तंभ संख्या 283/08 के निकट निगरानी के लिए तैनात किया गया। निगरानी कर रहे टिम को नेपाल से भारत की ओर आती हुई दो महिलाएँ दिखाई दी। जिसे रोक कर उनके पास रखे बोरियों की तलाशी लेने पर नेपाल निर्मित देशी शराब की 59 बोतलें पाइ गई, प्रत्येक बोतल 300 मिलीलीटर की, जिनकी कुल मात्रा 17.7 लीटर बताइ जा रही है। शराब बरामद होने के बाद महिला बलकर्मी की सहायता से दोनों महिलाओं को पकड़ लिया गया। मामला महादेवपट्टी के समीप धान के खेत के पास बताया जा रहा है। सीमा स्तंभ संख्या 283/08 से लगभग पचास मीटर अंदर भारतीय क्षेत्र की है। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान अनीता देवी, 40 वर्ष, पति अबोध साहनी, जैलम खातून, 55 वर्ष, पति मोहम्मद हबीब के रूप में हुई है। दोनों ग्राम एवं पोस्ट उमगांव, थाना हरलाखी, जिला मधुबनी, बिहार के रूप मे किया गया हैं। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों महिलाओं ने बताया है कि उन्होंने यह शराब नेपाल के धनुषा जिला स्थित ग्राम राघोपुर के रहने वाले एक व्यक्ति से खरीदी थी। जिसे अपने घर में आयोजित समारोह में उपयोग के लिए ले जा रही थीं। हालाँकि, मामले की पुष्टि और आगे की कार्रवाई पुलिस जांच के दायरे मे किया जा रहा है। बरामद नेपाल निर्मित देशी शराब और पकड़ी गई दोनों महिलाओं को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए हरलाखी थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। सीमा पर जारी अवैध शराब तस्करी, मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य अपराधों के खिलाफ एस एस बी द्वारा निगरानी तथा कार्रवाई निरंतर जारी है। सीमा पर हाल के महीनों में एसएसबी ने कय तस्करों से सैकड़ों लीटर नेपाल निर्मित शराब जब्त की है।

वसंत में बंद घर का हैंडिल तोड़कर चोरी, 100 किलो फूल और पीतल के बर्तन गायब

जाले (दरभंगा) (आससे)। जाले थाना क्षेत्र के वसंत गांव के वार्ड एक में अज्ञात चोरों ने बंद घर का हैंडिल तोड़कर करीब 100 किलो फूल, पीतल के बर्तन, 30 साड़ी और 25 जोड़ी धोती चोरी कर ली। मामले को लेकर गांव निवासी गोविंद झा ने जाले थाना में अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, बीते 16 अक्टूबर की रात करीब एक बजे अज्ञात चोरों ने गोविंद झा के भाई सुशील झा के घर को निशाना बनाया। चोरों ने घर का हैंडिल तोड़कर अंदर प्रवेश किया और वहां रखे करीब 100 किलो फूल, पीतल के बर्तन, 30 पीस साड़ी तथा 25 जोड़ी धोती लेकर फरार हो गए। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि इसी वर्ष सुशील झा के बंद घर में अज्ञात चोरों ने दो बार चोरी की घटना को अंजाम दिया है। लगातार चोरी की घटनाओं से परिवार की परेशानी बढ़ गई है। मामले की तहकीकात एसआई उमेश पांडे कर रहे हैं।

दो गुटों में हिंसक झड़प, नर्सिंग के छात्र को मारी गोली, आरोपी गिरफ्तार

समस्तीपुर (आससे)। कर्पूरी ग्राम थाना क्षेत्र के बेला गांव में दुर्गा पूजा के मेले के दौरान दो गुटों के बीच हुए विवाद में फायरिंग कर नर्सिंग के छात्र को गोली मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रघुनाथपुर बेला निवासी बसंत झा के पुत्र रितेश कुमार झा के रूप में हुई है। घटना बीते मंगलवार रात की है। पचरुखी गांव निवासी संजीत राय उर्फ गुप्ता राय के पुत्र विवेक कुमार मेला देखने गया था। इसी दौरान पूजा पंडाल के पास दो गुटों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और फायरिंग होने लगी। इसी दौरान गोली लगने से विवेक कुमार घायल हो गया। घटना के बाद उसे इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रितेश कुमार झा को गिरफ्तार कर लिया।

कब्रिस्तान की भूमि में आग लगाये जाने की प्राथमिकी दर्ज

जाले (दरभंगा)(आससे)। कमतौल थाना क्षेत्र के ढढ़ियां बेलबाड़ा पंचायत में रमौल गांव स्थित कब्रिस्तान में बीते 16 अक्टूबर 2026 के अपराह्न डेढ़ बजे बगल के करवा तरियानी पंचायत के पनिहारा गांव निवासी दुलार पासवान के पुत्र शीतल पासवान द्वारा आग लगा दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना से नाराज रमौल गांव निवासी मो. रौदी के पुत्र मो. अब्दुल बदूद (64) ने इस घटना की निष्पक्ष जांच एवं दोषी व्यक्ति के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई हेतु कमतौल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। उल्लेख किया है कि पूर्व में भी इस तरह की अगलगी की घटना तीन बार हो चुकी है जिसका पता नहीं चल सका कि किसने आग लगाया है। इस तरह की घटना होने से मुस्लिम समाज के बीच भय एवं चिंता गहराने लगी है। मामले की तहकीकात एसआई अख्तर अंसारी कर रहे हैं।

विधान परिषद द्विवार्षिक निर्वाचन को लेकर फुलपरास में तैयारियॉ पूरी, मतदान आज

फुलपरास (मधुबनी) (आससे)। बिहार विधान परिषद के दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के द्विवार्षिक निर्वाचन 2026 को लेकर फुलपरास के प्रखंड व अंचल कार्यालय परिसर में दोनों सीटों के लिए अलग-अलग मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इन दोनों मतदान केंद्रों पर कुल 1019 मतदाता शुक्रवार को अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें स्नातक निर्वाचन के लिए कुल 953 मतदाता जबकि शिक्षक निर्वाचन के लिए कुल 66 मतदाता पंजीकृत हैं। उपरोक्त जानकारी देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी अनिश कुमार ने बताया है कि दोनों मतदान केंद्रों पर मतदान को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान प्रक्रिया को स्वच्छ,सुचारू,शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

हकीमाबाद प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी लिमिटेड प्रखंड-समस्तीपुर जिला-समस्तीपुर

सूचना

पैक्स प्रबंधक की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

योग्यता सातक उतीर्ण तथा मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर प्रशिक्षण (रैली सहित) अथवा बीबीए प्रबंधन में डिप्लोमा।

आयु सीमा 18 से 45 वर्ष।

आरक्षित वर्ग को नियमानुसार छूट।

अन्य शर्वे अभ्यर्थी शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ हो तथा पूर्व सेवा में गंभीर आरोप आर्थिक अनियमितता से संबंधित कार्रवाई न हुई हो।

आवेदन की तिथि -23 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2026 तक। समय- पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह 5 बजे तक। स्थान- हकीमाबाद पैक्स कार्यालय, ग्राम - हकीमाबाद ।

हकीमाबाद प्राथमिक कृषि साख सोसाइटी लिमिटेड

बिहार सरकार

जल संसाधन विभाग
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01 SBD / 2026-27
(राष्ट्रीय स्पर्द्धा)
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** पर)

1. कार्य का विवरण –

ग्रुप सं.	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख रू0 में)	अग्रधन की राशि (लाख रू0 में) (ऑन लाईन अथवा फिजिकल / मैनुअल मोड में भुगतेय)	परिमाण – विपत्र का मूल्य (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में	बेल्ट्रॉन को देय बिड प्रोसेसिंग फी (अप्रत्यर्पणीय) (केवल ऑन लाईन मोड में भुगतेय) रू0 में	कार्य समाप्ति की अवधि
1	पैमार सिंचाई योजनान्तर्गत बायाँ मुख्य नहर के विभिन्न बिन्दुओं पर तटबंध सुदृढ़ीकरण तथा आवश्यक नहर संरचनाओं के जीर्णोद्धार/मरम्मति का कार्य।	279.45813	5.59000	10000.00	5900.00	03 माह

2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत करने की तिथि : दिनांक –15.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड एवं अपलोड करने की अवधि : दिनांक – 28.10.2026 से दिनांक – 04.11.2026 के 3.00 बजे अपराह्न तक (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. प्री–बिड मीटिंग का समय, स्थान एवं तिथि : दिनांक– 31.10.2026 को 3.00 बजे अपराह्न में, मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, जल संसाधन विभाग, नालन्दा, बिहारशरीफ के कार्यालय कक्ष में।
5. तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक – 06.11.2026, समय 3.30 बजे अपराह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
6. वित्तीय बिड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में घोषित की जायेगी । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. निविदा खोलने का स्थान : www.eproc2.bihar.gov.in पर ।
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन
9. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ। मो0न0: 7463889411
10. विशेष जानकारी प्राप्त करने हेतु वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in एवं wrd.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
सिंचाई प्रमंडल, बिहारशरीफ

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।
PR. No.013923 (WRD) 2026-27

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन प्रमंडल समस्तीपुर, भवन निर्माण विभाग
बिहार सरकार
केवल ई0 निविदा पद्धति के अनुसार वेबसाइट एवं www.eproc2.bihar.gov.in पर
ई0 – निविदा आमंत्रण सूचना (TWO BID SYSTEM)
अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 20/भ0प्र0समस्तीपुर/2026–2027

क्रम सं0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (रू0 में)	अग्रधन की राशि (रू0 में)	परिमाण विपत्र का मूल्य (Internet payment Gateway Chalan के माध्यम से) (रू0 में)	बीड़ प्रोसेसिंग शुल्क	कार्य समाप्ति की अवधि
1	2	3	4	5	6	7
1.	Repair work of Administrative Building, Girl's Hostel & Boy's Hostel (2 block) including water supply & sanitary installation at Kameshwar Narayan Singh Govt. Polytechnic Kishanpur Tabkha Under Bibhutipur Block in Distt. Samastipur (with electrical work).	1,21,92,500.00	244000.00	10000.00	As per Website	06 माह।

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, समस्तीपुर।
2. निविदा आमंत्रित करने की तिथि – 15.10.2026
3. निविदा को सिस्टम पर अपलोड करने की तिथि – 05.11.2026
4. निविदा कागजात डाउनलोड/अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय – 26.11.2026 के 03.00 बजे अप0 तक।
5. टेकनीकल बीड खोलने की तिथि एवं समय – 27.11.2026 के 03.30 बजे अप0 तक।
6. वित्तीय वीड खोलने की तिथि एवं समय पदाधिकारी – तकनीकी बीड मूल्याकनोपरांत सक्षम के आदेशानुसार।
7. निविदा बिक्री, प्राप्ति एवं खोलने का स्थान – वेवसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर।
8. निविदा स्वीकृत करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता – अधीक्षण अभियंता, भ0नि0 वि0,भवन अंचल दरभंगा

PR- 013914 (BCD) 2026-27

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमण्डल, समस्तीपुर
भवन निर्माण विभाग

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, अरवल
बिहार सरकार
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07R/PHED@ARWAL@2026-27
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, अरवल।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :– दिनांक 13.10.2026
3. निविदा कागजात डाउनलोड करने की तिथि :– दिनांक 26.10.2026 से 31.10.2026 को 5.00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
4. निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय :– दिनांक 31.10.2026 को 5:00 बजे अपराह्न तक। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. अग्रधन एवं परिमाण विपत्र के मूल्य एवं प्रोसेसिंग शुल्क का बैंक ड्राफ्ट जमा करने की अन्तिम तिथि,समय एवं स्थान (Uplodead सभी कागजात हार्ड कॉपी में) :– दिनांक 02.11.2026 को 3:00 बजे तक। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल/अधीक्षण अभियंता, आरा अंचल, आरा/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता, पटना प्रक्षेत्र, पटना के कार्यालय में।
6. निविदा (तकनीकी बीड) खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल। दिनांक–02.11.2026 को 04:00 बजे पूर्वाह्न। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
7. कार्य का विवरण :–

ग्रुप0	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाखमें)	अग्रधन की राशि (लाख में)	परिमाण विपत्र मूल्य रूपये में	बेलट्रॉन का प्रोसेसिंग फीस + अन्य कर (अप्रत्यर्पणीय रूप में)	कार्य समाप्ति की अवधि (माह में)
1	2	3	4	5	6	7
	लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, अरवल अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में एस0सी0/एस0टी0/सरकारी स्कुल/सरकारी आंगनवाड़ी केन्द्र तथा पेयजल समस्याग्रस्त टोलों/वसावटों में पुराने जीर्ण–शीर्ण बंद चापाकलों के अकार्यरत होने की स्थिति में पेयजल समस्या से निजात हेतु एवं प्राकृतिक आपदा (सुखाड़/बाढ़) के कारण पेयजलापूर्ती हेतु नये IM –II चापाकलों का निमार्ण, प्लेटफार्म एवम् नाली सहित निर्माण तथा सोख्ता का निर्माण कार्य :–					
1.	125mmx40mmx61m गहराई का IM-II चापाकल 50 अदद तथा 1Mtr. व्यास x 2Mtr.गहराई का सोख्ता निर्माण कुल-50 अदद।	47.05	0.941	5000.00	590.00	2 माह

8. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय :– तकनीकी बीड निष्पादन के बाद समय एवं तिथि वेबसाईटwww.eproc2.bihar.gov.in पर सूचित की जायेगी।

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना या अन्य शर्ते कार्यालय के सूचनापट्ट पर अथवाwww.eproc2.bihar.gov.in वेवसाईट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, अरवल

PR- 013911 (PHED) 2026-27

विस्तृत जानकारी वेबसाइट//state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार